PATLIPUTRA UNIVERSITY
PATNA-800020

E-mail:- patliputrauniversity2018@gmail.com

Ref.no:-DSW/1968/PPU/2025 Date:-23/12/2025

आवश्यक सूचना

P.G. (Self Finance) सत्र 2025–27 MBA, MCA, M.Sc.(Bio.Tec.), M.Sc.(Envir. Science), M.A.(Public Administration), M.A. (P.M.I.R./L.S.W.), M.Sc. (Electronics), P.G.D.C.R., M.Lis & B.Lis में नामांकित विद्यार्थियों/महाविद्यालयों/अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि ऐसे नामांकित विद्यार्थियों का सूचीकरण (Registration) दिनांक 24.12.2025 को online जमा किया जायेगा।

यदि कोई विद्यार्थी सूचीकरण (Registration) से वंचित रह जाते हैं तो उनका नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा।

जो विद्यार्थी पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से स्नातक किये हैं अथवा स्नातक करने के उपरान्त बी.एड. या कोई अन्य कोर्स किये हैं उन विद्यार्थियों को सूचीकरण (Registration) कराने की आवश्यकता नही है, परन्तु सूचीकरण सं0 (Registration no./PPUP Enrollment no.) नामांकन प्रपत्र में सही अंकित है या नही यह सुनिश्चित हों लें। अगर सूचीकरण सं0 अंकित नही है या गलत अंकित हो तो ऐसी स्थिति में अपने पूर्व के सूचीकरण प्रमाण पत्र (Registration Slip) की छायाप्रति को महाविद्यालय में जाकर अपने सूचीकरण (Registration no./PPUP Enrollment no.) का correction निश्चित रूप से करवा लें अन्यथा वे परीक्षा प्रपत्र नही भर सकेंगे। सूचीकरण सं0 correction की पुष्टि अपने Admission form को download कर सुनिश्चित करे लें।

वैसे विद्यार्थी जो पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय से Migration लेकर किसी अन्य विश्वविद्यालय/संस्थान में नामांकन लेने के उपरान्त पुनः पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर के किसी विषय में नामांकन लेते हैं उन्हें पुनः सूचीकरण (Registration) कराना अनिवार्य है परन्तु ऐसे विद्यार्थी पूर्व के सूचीकरण प्रमाण पत्र (Registration Slip) की छायाप्रति को महाविद्यालय में जमा करेंगे जहाँ से उनका Registration verification किया जाएगा।

अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण किए हुए नामांकित विद्यार्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे अपना Migration upload करने के साथ–साथ Migration की विवरणी भी upload करेंगें, उसके उपरान्त अपने सूचीकरण फार्म को submit कर शुल्क जमा करेंगें एवं उसकी छायाप्रति अपने महाविद्यालय में जमा करेंगे जहाँ से उनका Registration verification किया जाएगा। महाविद्यालय के Login में Registration Verification करने का बटन दिया गया है, जिसमें Registration Verification के पूर्व छात्र के अनुरोध पर उनके प्रोफाईल में यथा– पिता/माता का नाम, जन्म तिथि, Religion, Migration certificate/Migration Details में संशोधन कर सकते हैं।

P.G. (Self Finance) MBA, MCA, M.Sc.(Bio.Tec.), M.Sc.(Envir. Science), M.A.(Public Administration), (P.M.I.R./L.S.W.), M.Sc. (Electronics), P.G.D.C.R., M.Lis & B.Lis के लिए Registration Fee structure			
01	Other University से स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए	461 (Without Late fine)	कुल 461/–

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार।
ह0/–
डी.एस.डब्लू.
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।
दिनांक 23/12/2025

ज्ञापांक DSW/1968/PPU/2025
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु–
(1) सभी महाविद्यालयों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
(2) माननीय कुलपति/प्रति कुलपति/कुलसचिव महोदय के निजी सचिव।
(3) वित्त सलाहाकार/वित्त पदाधिकारी,/कुलानुशासक/परीक्षा नियंत्रक, पी.पी.यू।

23/12/25
डी.एस.डब्लू.
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना।